# उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुचारु रुप से होने से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में (एएमएफ) के तहत मूलभूत सुविधाओं को मतदान के दिन कलस्टर एवं बुथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय,पेयजल, रैम्प सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित कर लें। वैसे मतदान केंद्र जहां न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है उनकी सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संबंधित विभाग को भी उक्त मतदान केंद्र की सूची उपलब्ध करा दी जाए ताकि संबंधित विभाग अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई स-समय कर सके। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार तरीके से प्रखंडवार जानकारी ली गई। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, लाईट आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को उक्त व्यवस्थाएं मतदान तिथि से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, शमशाद आलम, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कमलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, दीपक कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।


बैठक करते डीसी।

## बीडीओ ने क्वार्टर को खाली करने का दिया निर्देश

**लातेहार।** मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने पत्र जारी कर चिकित्सा पदाधिकारी उमेश कुमार को प्रखंड परिसर में अवस्थित क्वार्टर को खाली कराने का निर्देश दिया। वही पत्रांक 452 के अनुसार लम्बे समय से रह रहे कर्मियों को तीन दिन के अंदर क्वार्टर खाली कर प्रखंड कार्यालय में चाभी सौंपने का निर्देश दिया गया हैं। ताकि प्रखंड में पदस्थापित नए कर्मियों को क्वार्टर आवंटित किया जा सके। 3 दिन के अंदर क्वार्टर में अनाधिकृत रूप से निवास करने वाले लोग अगर क्वार्टर खाली नहीं करते हैं तो उन पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पूर्व में क्वार्टर को खाली करने का निर्देश नोटिस जारी कर दिया गया था,लेकिन उन लोगों ने इसपर अमल नहीं किया। आवास का भत्ता भुगतान नहीं होने के कारण, राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## डीसी गरिमा सिंह के निर्देश पर 24 अप्रैल को बनाया जायेगा जिला स्तरीय मानव श्रृंखला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान तथा प्रत्येक मतदाता की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार स्वीप के तहत 24 अप्रैल को जिला स्तरीय मानव श्रृंखला बनाया जायेगा। इसी क्रम में आज जिला सूचना एवं जनसंपर्क परिसर से मतदाता जागरूकता वाहन को स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता वाहन के माध्यम से जिला वासियों से कल आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 24 अप्रैल 2024 को कृषि कार्यालय से सुबह 6 बजे जिला स्तरीय मानव श्रृंखला बनाकर व मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने जिला वासियों से इसमें शामिल होने की अपील की है। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सह सोशल मीडिया पदाधिकारी सुधा राज, क्लर्क विवेक कुमार, क्लर्क कुमार गौरव विशाल, कार्यालय कर्मी सूर्यतनय सिंह उपस्थित थे।


जागरूकता रथ रवाना करते पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी समस्या


समस्या सुनतें डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से अबुआ आवास, नियोजन, जमीन विवाद, चापानल लगवाने के संबंध में, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन , लाल कार्ड, जमीन बंदोबस्ती एवं वन पट्टा, मुआवजा राशि आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### कोयला लदा ट्रक पलटा कोई हताहत नहीं



**लातेहार।** शहर के रांची-मेदनीनगर एनएच-39 सड़क के दूध शीतल केंद्र के समीप बीती रात्रि एक कोयला लदा ट्रक (सीजी 15इए-6975) अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में चालक और उपचालक बाल बाल बचे। जानकारी के अनुसार कोयला लदा ट्रक सिंगरौली से लातेहार के रास्ते जमशेदपुर जा रहा था। इसी दौरान एनएच-39 पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक मे लदा कोयला सड़क पर गिर गया। इधर, घटना के सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस घटनास्थल पहुंची और सड़क में गिरे कोयला को हटा कर आवागमन दुरुस्त कराया।

### सहायक पुलिसकर्मी मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन : साहू


रामप्यारे साहू।

**लातेहार।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लातेहार के जिला अध्यक्ष रामप्यारे साहू ने कहा कि बालूमाथ थाना में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव गत आठ अप्रैल से कंचन मिश्रा के घर से लापता हैं। कंचन मिश्रा के घर के आसपास खून के निशान भी पाये गए हैं। लापता जयराम साव के परिजनों ने आशंका जताई है कि कंचन मिश्रा व उनके पारिजनों के द्वारा जयराम साव की हत्या कर दी गई है। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन आरोपी कंचन मिश्रा और उनके परिवारजनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। इस बात को लेकर तेली समाज और अन्य पिछड़ी जातियों में रोष व्याप्त है। रामप्यारे साहू ने बताया कि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस अविलंब कठोर कार्रवाई नहीं करती है, तो महासंगठन आंदोलन करेगा।

# सोलर जलमिनार भी खराब, पेयजल संकट बढ़ने की संभावना

संजय राम


खराब पड़े जलमिनार , सुख रहे कुआं

**बारियातू।** भीषण गर्मी के कारण प्रखंड क्षेत्र मे कई कुआँ सूखने लगे हैं। इधर दर्जन से भी अधिक सोलर जलमिनार खराब पड़ा हुआ है ससमय जलमिनार ठीक नहीं कराया गया तो पेयजल संकट बढ़ना तय है। प्रखंड मे कुल नौ पंचायत मिलाकर 56 गांव है। लगभग सभी गाँवो मे ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए कुआं और चापानल के साथ सोलर जलमिनार लगाया गया है। शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थिति टोला बघौता, बरमदेता मे कई कुआँ के पानी सूखने की स्थिति मे है जो लोगों के लिए चिंता का विषय बन रहा है। गर्मी के आधा दस्तक भी पार नहीं किया और पेयजल के लिए चिंता सताना शुरू कर दिया है. ग्रामीण भुनेश्वर राम, संजय कुमार, पूरन राम, धीरंजन कुमार, सुमन देवी, दिले उरांव, मनदीप उरांव, प्रदीप पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की सरकारी योजना से जल नल योजना के तहत संवेदक द्वारा सोलर जलमिनार लगाया गया है जो क्षेत्र मे दर्जन से भी अधिक सोलर जलमिनार खराब पड़ा हुआ है. क्षेत्र के आधी से भी अधिक तालाब सुख गए हैं। मवेशी भी भटकते हुए गांव मे आकर पानी की तलाश करते रहते हैं। सोलर जलमिनार खराब है लेकिन बनवाने के लिए संवेदक टस से मस नहीं हो रहे हैं। ग्रामीण त्रस्त हैं और संवेदक मस्त है। सोलर जलमिनार खराब होने के बाद गांव के ग्रामीण कुआँ से दैनिक कार्य के अलावे पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं। लेकिन अब कुआं भी सूखने के कगार पर पहुँच गया है। सोलर जलमिनार मरम्मत नहीं कराया गया तो पेयजल संकट बढ़ सकता है। इधर गड़गोमा, भाटचतरा, पुरना सिबला, गुरु साल्वे, गोलीटांड, सहित दर्जन से भी अधिक जल नल योजना अंतर्गत लगाए गए सोलर जलमिनार खराब पड़ा हुआ है लेकिन निराकरण कराने वाला कोई नहीं है. सुख रहे कुआँ मे ग्रामीण मिलकर कुआँ के अंदर उतरकर गहराई करने का कार्य किया जाता है लेकिन पानी दो सें चार घंटों मे थोड़ा बहुत ही जमा हो पता है. वही ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से सोलर जलमिनार मरम्मत कराकर पेयजल सुविधा बहाल कराने का आग्रह किया है। ज्ञात हो को सरकार लाखो खर्च कर जल नल योजना के तहत सोलर जलमिनार लगवाया है लेकिन हाथी का दांत साबित हो रहा है। संवेदक के मनमानी के कारण पिछले कई माह से सोलर जलमिनार खराब है। वहीं गांव के कुआं सूखने के कगार पर पहुंच गया है। जिससे ग्रामीणों मे चिंता का विषय बन गया है।

## पृथ्वी दिवस पर मवि चंदवा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राजकीय बालक मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए आईसीटी लैब परिसर में बच्चों को पृथ्वी से संबंधित एवं पृथ्वी को बचाने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बड़ी स्क्रीन पर बच्चों को सौरमंडल का पृथ्वी से संबंध व अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सीनियर बच्चों को दामोदर हाउस, कोयल हाउस, बराकर हाउस एवं स्वर्णरेखा हाउस में बांटा गया था। सभी हाउस के बच्चों ने पृथ्वी दिवस को लेकर पेंटिंग बनाकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। प्रधानाध्यापिका राधिका कुमारी ने बताया कि मानव के विभिन्न क्रियाकलापो के पृथ्वी व प्रकृति को काफी नुकसान हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों की अत्यधिक दुरुपयोग के कारण पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रही है। पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना एवं वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि मानव की करगुजारियों के चलते नदिया प्रदूषित हो रही है, हवा में ऑक्सीजन की मात्रा घट रही है। लगातार पेड़ पौधे काटे जा रहे हैं। आज सभी प्रकृति के संरक्षण का संकल्प ले। उन्होंने बच्चों को आने वाली पीढ़ी अगर है प्यारी तो पृथ्वी को बचाना हमारी जिम्मेवारी, धरती बचाओ जीवन बचाओ, जीवन को खुशहाल बना अर्थ का कुछ करो नहीं तो अनर्थ हो जाएगा, आने वाले जन्म की परवाह के लिए सबसे पहले पृथ्वी की परवाह जरूरी है समेत अन्य नारे बुलंद करवाया। कार्यक्रम के दौरान आईसीटी के जिला कोऑर्डिनेटर मोहनलाल गुप्ता ने सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं को आईसीटी लैब में ऑनलाइन कक्षा लेने एवं जी गुरु जी ऐप से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। मौके पर शिक्षक इम्तियाज के अलावे शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## नहीं रहे भाजपा महामंत्री प्रदीप सिंह, आज होगा दाह संस्कार

# रांची के पारस हॉस्पिटल में ली आखिरी सांस


प्रदीप सिंह भाजपा नेता ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** रांची में ईलाजरत पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह का देहांत हो गया है। उन्होंने रांची के पारस अस्पताल में मंगलवार की दोपहर अंतिम सांस ली। प्रदीप सिंह को रविवार की रात बीपी बढ़ने के कारण ब्रेन हैबरेज हो जाने के बाद उन्हें बरवाडीह सीएसची से डालटनगंज रेफर किया गया था। जहाँ डालटनगंज के राहुल अग्रवाल के पास इलाज के बाद भी हालत में सुधार नहीं होने के कारण उन्हें फिर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के द्वारा एम्बुलेंस से रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया पर उनकी जान नहीं बच सकी। मामले को लेकर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके बेहतर इलाज को लेकर हर सभव प्रयास किया गया। जिसमे मंडल कमिटी से लेकर प्रदेश कमिटी और अन्य माध्यम से भी सहयोग मिला पर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। प्रदीप सिंह का शव मंगलवार की रात बरवाडीह पहुँचने के बाद आज बुधवार को उनके पैतृक गांव में दाह संस्कार होगा।

भाजपा नेता प्रदीप सिंह के देहांत पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, जिप सदस्य बलवंत सिंह, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, मनोज प्रसाद, विकास सिंह, मनोज यादव और पारस जयसवाल समेत भाजपा नेताओं के साथ अन्य राजनितिक संगठन के लोगों ने मौत पर दुख व्यक्त किया है।

## मनिका प्रखंड में कांग्रेस के युवा न्याय घोषणा पत्र को लेकर डोर टू डोर चलाया गया अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के युवा न्याय घोषणा पत्र को लेकर युवा कांग्रेस लातेहार जिला अध्यक्ष अमित बरुआ के निदेर्शानुसार दिन मंगलवार को युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान की अध्यक्षता में डोर टू डोर अभियान चलाकर युवा न्याय घोषणा पत्र के प्रति लोगों को जानकारी दी गई। मौके पर मिथिलेश पासवान ने बताया कि युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, युवा कांग्रेस प्रभारी कोमल कुमारी व लातेहार जिला के अध्यक्ष अमित बरुआ के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सरकार बनने पर जारी किए गए युवा न्याय घोषणा पत्र पहले नौकरी पक्की,पेपर लीक से मुक्ति, युवा रोशनी, जय जवान, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय 400 न्यूनतम मजदूरी दर व हिस्सेदारी न्याय के तहत लोगों को मिलने वाले लाभ के विषय में घर-घर जाकर हम सभी कार्यकर्ता जानकारी देने का काम कर रहे हैं साथ ही कांग्रेस पार्टी को ही वोट देने के लिए लोगों से अपील किया जा रहा है। मौके पर युवा कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विशाल पासवान, अखिलेश पासवान, विजेंद्र कुमार पासवान, मिथिलेश कुमार, बबलू कुमार, रिंकू कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।


अभियान में शामिल कार्यकर्ता।

## चंदवा के युवाओं में जग रहा है क्रिकेट के प्रति जुनून, जिले के अंडर-16 में 6 खिलाड़ी शामिल

# उचित मार्गदर्शन कराई जाए तो क्षेत्र का कर सकते हैं नाम रौशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आधुनिकता, सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग के बढ़ते प्रभाव व दुष्प्रभाव के बीच विभिन्न प्रकार के खेल प्रतिस्पधाओं से युवा पीढ़ी विमुख हो रहे हैं। लेकिन बीते वर्ष 2023 में लातेहार पुलिस के द्वारा सार्थक पहल करते हुए युवाओं के बीच खेल किट प्रदान किये जाने के बाद से चंदवा के युवाओं में खेल के प्रति जुनून जाग गया है। विगत एक वर्ष से अधिक समय से 10 वर्ष से 18 वर्ष के दर्जनों बच्चे व युवा प्रति दिन स्थानीय खेल स्टेडियम में सुबह-शाम क्रिकेट का अभ्यास करते देखे जा सकते हैं। जिसका सार्थक परिणाम भी सामने आने लगा है। वर्तमान में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-16 बॉयज जिला स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट में लातेहार जिला टीम में चंदवा से 6 खिलाड़ियों ने स्थान बनाया है। जिन खिलाड़ियों ने स्थान बनाया है उनमें प्रवीण उरांव, कौशल कुमार, मयंक कुमार, अंकित कुमार, आकाश कुमार व प्रिंस कुमार शामिल हैं। इसके पूर्व भी अंडर-14 टीम में भी कई खिलाड़ी स्थान बना चुके हैं। खास बात यह है कि चंदवा जैसे छोटे शहर में क्रिकेट के प्रति अब बच्चियों में भी जुनून देखने को मिल रहा है। एक-दो बच्चियां भी लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर क्रिकेट की तैयारी करती दिख रही हैं। अगर इन युवाओं को उचित मार्गदर्शन व संसाधन मुहैया कराई जाए तो खेल के क्षेत्र में कई युवा क्षेत्र का नाम रौशन कर सकते है।


शामिल खिलाड़ी।

### स्थानीय खेल स्टेडियम में है सुविधाओं का घोर अभाव

बता दे कि चंदवा प्रखंड में एक मात्र खेल स्टेडियम ही सार्वजनिक खेल मैदान है जहां खिलाड़ी व युवा प्रति दिन विभिन्न स्पधाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। लेकिन स्टेडियम में मूल भूत सुविधाओं का घोर अभाव है। फील्ड में घास नाम मात्र का हीं बचा हुआ है साथ ही फील्ड में न ही पानी पटाने और न ही प्रकाश की ही कोई व्यवस्था है। जबकि प्रखंड में हिंडाल्को, सिकनी कोलियरी, बनहरदी कोल ब्लॉक समेत कई कॉरपोरेट घराने काम कर रही है। इधर स्थानीय प्रबुद्धजनों के द्वारा डीएमएफटी फंड से उक्त स्टेडियम के जीर्णोद्धार करने की मांग लगातार उठ रही है व पूर्व में जब जिले के उपयुक्त अबु इमरान थे, उस समय इसके जीर्णोद्धार की कवायत भी हुई थी लेकिन अब मामला ठंडे बस्ते में है।

## साइबर अपराधी डरा धमकाकर कर रहे ठगी का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** साइबर अपराधी नित दिन भोले भाले लोगो को ठगी करने का शिकार बनाने को लेकर नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। साइबर अपराधी वाट्सअप कॉल कर अभिभावकों को बच्चे के किसी जघन्य अपराध में शामिल होने का भय दिखा कर केस को मैनेज करने के नाम पर पैसे का डिमांड करते हैं। ताजा मामला चंदवा से आया है, जिसमे साइबर अपराधियों ने वाट्सअप कॉल के माध्यम से फोन कर एक महिला चिकित्सक को उनके बेटे के ड्रग्स का सेवन करते पकड़े जाने के नाम पर डरा धमका कर पैसे एठने का प्रयास किया गया, हालांकि महिला चिकित्सक से सूझ बूझ का परिचय दी व उनके झांसे में नही आयी। इस संबंध में लातेहार एसडीपीओ ने आमलोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि इनदिनों इस प्रकार के काफी मामले आ रहे है। लोगों को ऐसे साइबर अपराधियों से सावधान रहने की जरूरत है। अगर ऐसा मामला हो जाए तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें या फिर साइबर क्राइम के ऑफिसियल बेवसाइट पर भी दे सकते हैं।



